Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to release funds from Central Road Fund for upgradation of Godoj – Ramchandrapura and Delhi-Alwar-Shahpura roads in Rajasthan.

डॉ0 करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, राजस्थान सरकार ने राज्य की कुछ महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय एवं आर्थिक महत्व की सड़कों के उन्नयन हेतु केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ) से राशि स्वीकृत करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रतिवेदन भेजा है। इस प्रतिवेदन में बिन्दु संख्या-16 या वर्णित हरियाणा बॉर्डर-गादोज, तसींग, बहरोड़-रामचन्द्रपुरा सड़क, अतिमहत्वपूर्ण अन्तर्राज्यीय सड़क है तथा बिन्दु 17 पर वर्णित देहली-अलवर-शाहपुरा सड़क आर्थिक महत्व की सड़क है। उपरोक्त दोनों सड़क मार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर से गुजरते हैं तथा दोनों मार्ग पूर्णतया क्षतिग्रस्त है। इन सड़कों को उन्नयन एवं चौड़ा करना जनहित में है।

अतः मैं सड़क एवं परिवर्तन, राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करना है कि इन दोनों सड़कों के लिए शीघ्र ही ि वत्तीय स्वीकृति जारी करें।